हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 31 जुलाई 2025

04 अविश्वास प्रस्ताव पर हुआ मतदान, दो मत...



07 निर्दोष जीव के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले शिक्षक...





## खबर संक्षेप

### बिना मान्यता के जैविक उत्पाद टीमुलेंट व अन्य उत्पादों की बिक्री प्रतिबंध


**सीहोर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार किसानों को गुणवत्तापूर्ण आदान सामग्री की उपलब्धता कराने के लिए कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने जिले में बिना मान्यता के बिक रहें जैविक उत्पाद, बायोइस्टीमुलेंट एवं अन्य उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है, विक्रेताओं एवं निर्माता कंपनियों को आदेश जारी किया है। सभी प्रकार के अकार्बनिक, कार्बनिक, मिश्रित तथा जैव उर्वरकों जैसे – ह्यूमिक तथा फुल्विक एसिड, एमीनो एसिड, एन्टीऑक्सीडेंट तथा विटामिन का मिश्रण, समुद्री शैवाल अर्क, स्पिरूलिना, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेस, बैक्टीरियल बायोमास, माइक्रोवियल, सेकरोमाइसिस, वृद्धि उत्प्रेरक एवं समस्त प्रकार के टॉनिक उर्वरक आदेश 1985 के अधीन माने गये है। किसी उर्वरक विक्रेता एवं निर्माता कंपनी द्वारा यदि अपने उत्पादों के विक्रय के लिए जिले के कृषि विभाग के उप संचालक तथा कृषि विकास पदेन अनुज्ञापन अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं की गई है और अनुज्ञप्ति में दर्ज कराये बगेर इनका विक्रय अथवा भण्डारण किया जा रहा है, तो इस प्रकार का समस्त व्यवसाय उर्वरक आदेश एवं कीटनाशी नियम के अनुसार अनाधिकृत माना जायेगा।

### इस खासियत के कारण बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जावर का देवबड़ला

# बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा देवबड़ला धाम 1100 साल पुराने शिवालय को देखना चाहते हैं पर्यटक

जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर सीहोर जिले की जावर तहसील के बीलपान गांव के निकट देवबड़ला एक पुरातात्विक स्थल है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर सीहोर जिले की जावर तहसील के बीलपान गांव के निकट देवबड़ला एक पुरातात्विक स्थल है। जावर क्षेत्र के घने जंगल के बीच स्थित प्राचीन देवबड़ला में प्राचीन भगवान भोलेनाथ का मंदिर है, जो हरियाली से घिरा हुआ है। यहां आने वाले पर्यटकों को यह स्थान बार-बार अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। देवबड़ला स्थल को जिला प्रशासन एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। इसे लेकर कलेक्टर बाला गुरू के द्वारा देवबड़ला स्थल के विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनवाई जा रही है।

जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर सीहोर जिले की जावर तहसील के बीलपान गांव के निकट देवबड़ला एक पुरातात्विक स्थल है। यह विंध्याचल पर्वत श्रृंखला पर स्थित है और यहाँ नेवज नदी का उद्गम स्थल भी है। देवबड़ला का मालवी में अर्थ है जंगल, अर्थात घने जंगलों में देवों की भूमि। पुरात्व की दृष्टि से यह क्षेत्र अमूल्य धरोहर है। देवबड़ला में कई प्राचीन मंदिरों के अवशेष मिले हैं, जिनमें से कुछ 11वीं और 12वीं शताब्दी के हैं। खुदाई में अब तक 15 मंदिरों के अवशेष पाए गए हैं। खुदाई में शिव मंदिर के साथ ही 20 से अधिक प्रतिमाएं भी मिली हैं। इनमें मूर्तियों में ब्रमदेव, विष्णु, गौरी, भैरव, नरवराह, लक्ष्मी, योगिनी, जलधारी, नंदी, और नटराज की प्रतिमाएं शामिल हैं। इस अमूल्य धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है।

#### दस साल पहले शुरू हुई थी खुदाई

पुरातत्व विभाग द्वारा वर्ष 2015 में यहां खुदाई शुरू की गई। मई 2016 में शिव मंदिर के पुर्ननिर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। यह मंदिर 51 फीट ऊंचा है और इस मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरे मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। इन मंदिरों को मूल स्वरूप देने के लिए मंदिर के अवशेषों को जोडऩे में चूना, गुड़, गांद, उड़द, मसूर, जैसे प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग किया गया है। यहां के मंदिर आक्रमण अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट होना बताया गया है। देवबड़ला समिति की माने तो यहां हर साल महाशिरात्रि पर मेला लगता है, जिसमें 50 हजार से अधिक लोग सम्मिलित होते हैं। तेजी से इस स्थान की प्रसिद्धि बढ़ रही है।

#### सीहोर जिले की है कीमती धरोहर

इंटरनेट पर सीहोर जिले के देवबड़ला के प्राचीन शिवालय के बारे में काफी लोग सर्च कर रहे हैं। जावर क्षेत्र के घने जंगल के बीच स्थित प्राचीन देवबड़ला सीहोर जिले की एक धरोहर है। देवबड़ला में प्राचीन भगवान भोलेनाथ का मंदिर है, जो हरियाली से घिरा हुआ है। यहीं कारण है कि हर दिन यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। पहले यहां आसपास गांव के लोग ही पहुंचने थे, लेकिन जब से पर्यटन विकास निगम ने यहां पर पुरा धरोहर को सहेजने का काम शुरू किया है, पर्यटकों की संख्या भी बढऩे लगी है। अब यहां प्रदेशभर से लोग घूमने आते हैं, यहां के खूबसूरत पलों को मोबाइल में कैद करते हैं।

#### विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया था

कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जावर तहसील के ग्राम बीलपान स्थित पुरातात्विक स्थल देवबड़ला का पिछले दिनों निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवबड़ला स्थल पर किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित जनपद सीईओ, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को इस स्थल के विकास कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि भविष्य में इस स्थल को एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

## कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर दिया केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन

### खाद बीज कीटनाशक के विक्रेताओं ने निकाला विरोध मार्च



**सीहोर।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय के द्वारा जबरन थोपे जा रहे कानून और अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में बुधवार को जिले भर के खाद बीज कीटनाशक दवाइयां के विक्रेता एकजुट दिखाई दिए। जिला कृषि आदान विक्रेता संघ के बैनर के साथ खाद, बीज, कीटनाशी दवाईयो के विक्रेताओं ने पहले भोपाल नाके से कलेक्ट्रेट तक फिर कलेक्ट्रेट से कृषि उपसंचालक कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर सरकार के नियमों के विरुद्ध हल्ला बोल प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला कृषि आदान विक्रेता संघ के सीहोर जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुनील राठी के नेतृत्व में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद राजावत को दिया गया इसके बाद सभी विक्रेता विरोध रैली के रूप में कृषि उपसंचालक कार्यालय पहुंचे और यहां पर भी समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन दिया गया।

आक्रोश दर्ज कराते हुए खाद बीज कीटनाशक दवाइयां के विक्रेताओ ने डिप्टी कलेक्टर को बताया कि कृषि विभाग द्वारा जारी विक्रय लायसेंस के अनुसार उक्त कृषि आहारों का कय एवं विक्रय कर अपना व्यापार व्यवसाय नियमानुसार करते हैं। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो के अनुसार कम्पनियों को दी मई, अनुमतियों के उपरांत ही कृषि आदान सामग्रियों का कय एवं विक्रय करते है। कंपनी से जो भी खाद, बीज एवं कीटनाशी दवाईयों एवं अन्य कृषि उत्पाद एवं विक्रय कम्पनियों द्वारा दी गई सील पैक पैकिंग में प्राप्त होता के साथ कीटनाशक दवाईयों एवं बीज उर्वरकों की गुणवत्ता जस के तस विक्रय करते है। लेकिन खाद बीज कीटनाशक गुणवत्ताहीन पाए जाते हैं तो क्रेता के द्वारा शिकायत होती हैं। शिकायत के बाद जब विभाग का जांच दल दुकान पर पहुंचता है तो कंपनी पर नहीं विक्रेता पर कार्यवाही करता है जबकि हम विक्रेता है निर्माता नहीं है इसके बावजूद विक्रेताओं पर एफआईआर दर्ज तक करवा दी जाती है। दुकानें सील कर दी जाती हैं जिससे लाखों रुपए का नुकसान होता है। जबकि गलती हमारी नहीं कंपनी की होती है या फिर उपयोगकर्ता के द्वारा कंपनी गाइडलाइन से अलग हटकर सामग्री का उपयोग किया जाता है जिससे नुकसान होता है लेकिन इसका दोषी भी विक्रेता को माना जाता है और कार्रवाई की जाती है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री से समस्याओं के अतिशीघ्र निराकरण की मांग करते है। मांग पूरी नहीं होती है तो अपने प्रतिष्ठानो को बंद करने के लिए हम मजबूर होंगे।

## 24 घंटे में 4.84 इंच बारिश: नर्मदा और सीवन नदी उफान पर; नांदनेर घाट डूबा, माखन नगर का संपर्क टूटा



**सीहोर।** शहर में 24 घंटे में 4.84 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं श्यामपुर में 3.17 इंच, इछावर में 3.39 इंच, बुधनी में 1.97 इंच, रेहटी में 1.85 इंच, आष्टा में 1.65 इंच, भेरूंदा में 1.30 इंच और जावर में 1.22 इंच बारिश हुई है। भारी बारिश के कारण सीवन नदी और नर्मदा नदी उफान पर हैं। नादनेर गांव में नर्मदा नदी का पानी बढ़ने से नांदनेर घाट पानी में डूब गया है। नादनेर और माखन नगर को जोड़ने वाले पुल पर भी पानी आ गया है। हालांकि, ग्रामीण पुल पर पानी होने के बावजूद उसे पार कर रहे हैं।

#### नादनेर से कुसुमखेड़ा मार्ग और जनमासा मार्ग दोनों बंद

ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन ने कोई व्यवस्था नहीं की है। नर्मदा का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे जनहानि की आशंका है। नादनेर से कुसुमखेड़ा मार्ग और जनमासा मार्ग दोनों बंद हो गए हैं।

#### जर्जर भवनों में रहने से बचें नागरिक

कलेक्टर बालागुरू के. ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे सतर्क रहें और जर्जर भवनों में रहने से बचें। पानी में डूबे पुल-पुलियों और रपटों पर बैरिकेड्स लगाकर इन मार्गों को बंद कर दिया गया है।

**रपटों पर पानी बह रहा हो, उन्हें पार न करें:** इन स्थानों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो नागरिकों को पुल पार करने से रोक रहे हैं ताकि संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सके। कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि जिन पुल, पुलिया, रपटों पर पानी बह रहा हो, उन्हें पार न करें।

**जर्जर भवनों को खाली करा रहे हैं अधिकारी:** सीहोर में जर्जर मकानों की पहचान कर उन्हें खाली कराया जा रहा है। अधिकारी आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित उन सभी भवनों को खाली करा रहे हैं जिनके बारिश के दौरान गिरने की आशंका से जान-माल को खतरा हो सकता है।

## संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जर्जर मकानों को कराया जा रहा खाली

### कलेक्टर खाली कराने के दिए हैं निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार नगर पालिका सीहोर के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सीहोर स्थित जर्जर मकानों की पहचान कर उन्हें खाली कराया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा उन सभी भवनों को खाली कराया जा रहा है जो आबादी वाले क्षेत्रों में स्थित हैं और जिनके बारिश के दौरान गिरने की आशंका से जान-माल को खतरा हो सकता है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा है कि समय रहते जर्जर भवनों को खाली कराने और सुरक्षित स्थानों पर लोगों को भेजने की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर बालागुरू के. ने आमजन से भी अपील की है कि वे स्वयं भी सतर्क रहें और ऐसे भवनों में निवास करने से बचें जो जर्जर स्थिती में हैं।

### दि ऑक्सफोर्ड स्कूल सीहोर में नशा मुक्त भारत अभियान मनाया गया

# नशा क्षणिक सुख का भ्रम है, जो जीवन की स्थाई बर्बादी का कारण बनता है: जॉली कुरियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






स्थानीय द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर में म.प्र. पुलिस द्वारा आयोजित नागरिकता अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान पर विशेष जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर किरण सिंह राजपूत, सुबेदार प्राची राजपूत एवं सामाजिक कार्यकर्ता बूसी रोबी उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं एच.आर. मैनेजर कल्पना राय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को लघु फ़िल्मों के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभावों और नशा एक सामाजिक बुराई के रूप में किस प्रकार समाज को प्रभावित करता है, इस बारे में सूचनात्मक व जागरूकता आधारित प्रस्तुति दी गई।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभवों और प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उपनिरीक्षक किरण सिंह राजपूत ने महिला संबंधी अपराधों की जानकारी दी तथा सभी विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलवाई। एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा नशा क्षणिक सुख का भ्रम है, जो जीवन की स्थायी बर्बादी का कारण बनता है। इससे जितनी जल्दी दूरी बना लें, उतना बेहतर। प्राचार्य डॉ. बीना कुरियन ने यह भी सुझाव दिया कि यदि विद्यालय के आसपास तंबाकू या सिगरेट की कोई दुकान है तो छात्र इसकी जानकारी तुरंत 100 नंबर या नजदीकी थाने में दें, जिससे ऐसे ठिकानों को हटाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया द्वारा प्रभावी रूप से किया गया।

## सीहोर महिला पॉलिटेक्निक की एक पूरी क्लास प्रैक्टिकल में फेल!




**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच की फाइनल ईयर की पूरी क्लास एक ही विषय स्टेनो टाइपिंग के प्रैक्टिकल में फेल हो गई। कक्षा की सभी 25 छात्राओं को पासिंग मार्क्स नहीं मिले, जिसके बाद छात्राओं ने अपनी स्टेनो शिक्षिका और बाहरी परीक्षक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर बालागुरू के. से न्याय की गुहार लगाई है।छात्राओं का आरोप है कि उन्हें जानबूझकर फेल किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रैक्टिकल परीक्षा लेने आए प्रोफेसर प्रमोद लिंगावत ने कथित तौर पर कहा था क ष्यह बेकार सब्जेक्ट है और इसका कोई भविष्य नहीं। मुझे यह विषय बिल्कुल भी पसंद नहीं। छात्राओं ने अपनी स्टेनो शिक्षिका पूजा जलोदिया पर भी द्वेषपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर साजिश के तहत सभी 25 छात्राओं को प्रैक्टिकल परीक्षा में फेल कर दिया।

**केवल एक ही विषय में फेल :** छात्राओं का कहना है कि वे अन्य सभी विषयों में पास हो गई हैं, लेकिन केवल एक विषय में फेल होने के कारण उनका सेमेस्टर में बैक लग गया है, जिससे उनका पूरा साल बर्बाद होने का खतरा है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में हस्तक्षेप करने और कॉलेज प्रबंधन से बात करके प्रैक्टिकल में पासिंग मार्क्स दिलवाने की मांग की है।

**प्रिंसपल मामले से अंजान :** इधर इस मामले पर महिला पॉलिटेक्निक के नए प्रिंसिपल चंद्रशेखर का कहना है कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है और वह मामले को देखेंगे। वहीं, पूर्व प्रिंसिपल आरके वर्मा ने कहा कि प्रैक्टिकल लेने बाहर के कॉलेज से प्रोफेसर आते हैं और वही नंबर देते हैं, उन्हें नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ।

**खबर संक्षेप**



## हेपेटाइटिस जांच व उपचार शिविर आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीहोर स्थित जिला जेल एवं भैरूंदा स्थित उप जेल में हेपेटाइटिस जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 388 कैदियों की एचबीएसएजी, एचसीवी, एचआईबी, टीबी और सिपलिस की जांच की गई और उपचार प्रदान किया गया। शिविर में एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ रुचिरा उईके सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

## मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। इसे बचाव के उपाये आवश्य करें और नजदीकी चिकित्सालय में जा कर डॉ. को दिखाये और उपचार कराये। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगायें। हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढ़कें। हर सप्ताह कूलर, टंकी और बैरल के पानी को बदलें। आस पास पानी को जमा न होने दें। इसके साथ ही तेज बुखार, उल्टी तथा शरीर में दर्द होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है। कूलर, टंकी, पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रीज की ट्रे, फूलदान, नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि में को ढक कर रखें तथा अधिक दिनों तक यहां पानी जमा न रहने दें। यह मच्छर दिन के समय काटता है। कपड़ों से बदन को पूरी तरह ढ़ककर रखें। इस प्रकार लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें।

### 8 पंचों ने एक मत होकर अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था

# अविश्वास प्रस्ताव पर हुआ मतदान, दो मत निरस्त, नहीं हो सका प्रस्ताव पास

**दो मत निरस्त होने पर तीन चौथाई बहुमत नहीं मिलने पर मध्य प्रदेश ग्रामीण स्वराज अधिनियम धारा 21 के तहत प्रस्ताव पास नहीं हो सका। सरपंच संतोष वर्मा को पुनः सरपंच नियुक्त किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जनपद पंचायत भैरूंदा की ग्राम पंचायत नीलकंठ में 21जुलाई को उपसरपंच साहित पंचों ने एकमत होकर सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत गया था। जिसमें उपसरपंच साहित 7पंच इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में थे। बुधवार 30जुलाई को 11बजे से सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें 11पंचों और सरपंच ने मतदान किया।

अविश्वास प्रस्ताव पर चल रही वोटिंग के दौरान अप्रत्यक्ष चिह्न पाए जाने पर दो मत निरस्त किए गए। 6मत अविश्वास प्रस्ताव पक्ष को मिले। वहीं तीन मत सरपंच के पक्ष में किए गए। दो मत निरस्त होने पर तीन चौथाई बहुमत नहीं मिलने पर मध्य प्रदेश ग्रामीण स्वराज अधिनियम धारा 21 के तहत प्रस्ताव पास नहीं हो सका। ग्राम पंचायत नीलकंठ के पद पर सरपंच संतोष वर्मा को पुनः सरपंच नियुक्त किया गया।

ग्राम पंचायत नीलकंठ के सरपंच संतोष वर्मा ने कहा उनके ऊपर जो आरोप लगाए गए थे,वह निराधार हैं। जनता का सेवक हु। जनता की सेवा करना उनका कर्तव्य है। मां नर्मदा की कृपा और ग्राम पंचायत की जनता के आशीर्वाद से उन्हें पुनः सरपंच पद पर नियुक्त किया गया।



### 8 पंचों ने एक मत होकर अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था

ज्ञात हो कि 21 जुलाई को ग्राम पंचायत नीलकंठ के सरपंच संतोष वर्मा की कार्यप्रणाली से नाराज 8 पंचों द्वारा एकमत होकर अविश्वास प्रस्ताव लाने का आवेदन एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के आदेश पर बुधवार को ग्राम पंचायत नीलकंठ ग्राम पंचायत भवन में सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह मतदान पीठासीन अधिकारी तहसीलदार प्रभारी संदीप गौर, भैरूंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी सहित पुलिसकर्मी एवं समस्त मतदान दल की मौजूदगी में हुआ। अविश्वास प्रस्ताव 11पंचों ने अपना मतदान किया। सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 6पंचों ने अपना मत दिया। जबकि 3पंचों के मत सरपंच के पक्ष में गए। वहीं दो मत अप्रत्यक्ष चिह्न के कारण निरस्त हुए। तहसीलदार प्रभारी एवं पीठासीन अधिकारी संदीप गौर ने बताया कि ग्राम पंचायत नीलकंठ में 11 पंचों ने सरंपच की मौजूदगी में निर्वाचन कराया गया। 6 मत अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष को मिले। वहीं 3मत प्रस्ताव के विपक्ष को मिले। 2 मत अप्रत्यक्ष चिन्ह भिन्न होने के कारण निरस्त किए गए। तीन चौथाई बहुमत नहीं मिलने से मध्य प्रदेश ग्रामीण स्वराज अधिनियम की धारा 21 के तहत अविश्वास प्रस्ताव पास नहीं हो सका। संतोष वर्मा को पुनः सरपंच पद पर नियुक्त किया गया।



## धोखाधड़ी व गबन करने वाले फरार 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार



**भैरुंदा।** 4 मई 2024 को आवेदिका सीमा पंवार पति रुपसिंह पंवार उम्र 28 साल निवासी कृष्ण नगर कालोनी बजरंग कुटी भैरुंदा का एक शिकायत आवेदन पत्र विषय एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी का मैनेजर दुर्गेश मेहरा तथा फिल्ड अधिकारी प्रवीण ठाकुर, राजकुमार द्वारा ऋण के रुपये गबन करने के संबंध मे जांच हेतु प्राप्त हुआ। दौरान जांच आरोपीगण के विरुद्ध अपराध धारा 420,409,34 ipc का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौराने विवेचना आवेदिका सीमा पंवार तथा एसवीसीएल कंपनी के महिला समूह सदस्य ऋण धारक उर्मिला पंवार व अन्य के एवं एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी का क्षेत्रीय प्रबंधक निर्मल नागर के कथन लेख किये गए एवं एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय से एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी मे कार्यरत शाखा प्रबंधक दुर्गेश मेहरा व फिल्ड आफिसर प्रवीण सिंह, राजकुमार के संबंध मे जानकारी व एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी का मेमो, भारत सरकार द्वारा रजि. प्रमाण पत्र, आरबीआई से रजि. प्रमाण पत्र, महिला समूह सदस्यो के गबन राशि का विवरण व एक्सएल सीट जरिये पत्र प्राप्त किया। दौरान आवेदन पत्र जांच पर पाया कि एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी कार्यालय भैरुंदा मे पदस्थ शाखा प्रबंधक दुर्गेश मेहरा तथा फिल्ड आफिसर प्रवीण सिंह, राजकुमार ने मिलकर कंपनी के लगभग 52 ऋण धारको को पहले ऋण की कुछ किस्त जमा बाद ऋण की शेष किस्ते एक मुस्त कंपनी मे जमा करने का बताकर दूसरा ऋण अधिक रुपयो का मंजूर करा देने का झुठा लालच देकर ऋण धारको से पहले ऋण के शेष रुपये एकमुस्त प्राप्त कर एसवीसीएल फाईनेंस कंपनी मे जमा न करते हुए ऋणधारको से प्राप्त लगभग 11 लाख रुपये शाखा प्रबंधक दुर्गेश मेहरा, फिल्ड आफिसर प्रवीण सिंह, राजकुमार रुपये लेकर कंपनी से नौकरी छोडकर भाग गए थे।

## निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर 6 अगस्त को

**सीहोर।** लायंस क्लब, सिद्धपुर, सीहोर एवं सेवा सदन, बैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जाँच एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर नेत्र जांच केंद्र, इंगलिशपुरा, सीहोर में 6 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे होगा और शिविर दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा। लायंस क्लब, सिद्धपुर के पूर्व अध्यक्ष कपिल जैन ने बताया की शिविर में ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क राहेगा केवल मरीज को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आधार कार्ड ,वोटरकार्ड, मोबाइल नंबर एवं घर के सदस्य को साथ लाना रहेगा। शिविर में जाँच के बाद ही मरीज को सेवा सदन की बस से बैरागढ़ स्थित अस्पताल ले जाया जाएगा और ऑपरेशन के बाद वापस सीहोर स्थित सेंटर छोड़ा जाएगा। लायंस क्लब के सभी सदस्यों ने यह जानकारी ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुँचाने की अपील की।

# सेवानिवृत्ति के उपरांत शासकीय सेवकों को दफ्तरों के चक्कर लगाए बिना मिले स्वत्वों के लाभः अपर कलेक्टर

**अपर कलेक्टर ने की लंबित पेंशन प्रकरणों की गहन समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लंबित पेशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने कहा कि कार्यालय प्रमुख और डीडीओ की उदासीनता एवं स्थापना शाखा प्रभारी कर्मचारी की लापरवाही के कारण सेवानिवृत्ति के उपरांत शासकीय सेवकों को पेंशन और अन्य स्वत्वों के भुगतान लंबित पड़े रहते हैं और कर्मचारियों को दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने पड़ते हैं। अपर कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी डीडीओ लंबित सभी पेंशन प्रकरणों को शीघ्र जिला पेंशन कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। आगामी 06 माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के प्रकरण भी अभी से तैयार करा लें और चेक लिस्ट के अनुसार जहां कहीं भी कमी है, उसे अभी ठीक करा लें। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों और आहरण संवितरण अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के विभिन्न विभागों के एक-एक लंबित पेंशन प्रकरणों की गहन समीक्षा की। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने सभी विभागों को अपने एम्पलाई का डेटाबेस जिसमें नाम की स्पेलिंग, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, नॉमिनेशन आदि अपडेट कर इस संबंध में सर्टीफिकेट देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद डेटा बेस में अंतर होने पर यदि कोई पेंशन प्रकरण अनावश्यक लंबित रहा तो संबंधित विभाग प्रमुख अथवा डीडीओ की जवाबदारी तय की जाएगी।



# शहर के विकास में सभी की भागीदारी जरूरीः नप अध्यक्ष प्रिंस राठौर





**सीहोर।** शहर के विकास और जनहित में सभी की सेवा में तत्पर रहने वाले नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर बुधवार को नपाध्यक्ष राठौर वाहनों के काफिल के साथ शहर के प्राचीन गणेश मंदिर पर पहुंचे और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर वह शहर के चाणक्यपुरी स्थित गौदन सरकार धाम, गंज स्थित करोली माता मंदिर, हनुमान फाटक सहित अन्य मंदिरों में भगवान का आशीर्वाद लेकर क्षेत्र में उनके समर्थकों के द्वारा 101 पौधे लगाकर जन्म दिन मनाया।

इस मौके पर दोपहर बारह बजे शहर के बस स्टैंड पर पहुंचे यहां पर हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि सबके जीवन में एक ऐसा स्वर्णिम अवसर आता है जिसमें सेवा भावना से कोई कार्य किया जाए तो इससे बड़ा पुण्य नही है। सबके सहयोग से सीहोर को भारत के अग्रणी शहरों में से एक बनाया जायेगा। सीहोर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। गत दिनों क्षेत्र को करोड़ों रुपए की सौगात देने आए सीएम डॉ. मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने यहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। सीहोर को भोपाल के उपनगर के रूप में विकसित किया जायेगा। भोपाल से सीहोर को लाइट मेट्रो के माध्यम से भोपाल से जोड़ा जाएगा। यहां के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर को भी श्री महाकाल महालोक की तरह विकसित किया जाएगा। हमारे शहर की तस्वीर बदलने के लिए आप लोगों का सहयोग जरूरी है। शहर के विकास में सभी की भागीदारी जरूरी है।

दो दिन तक बधाइयों का सिलसिला जारी रहा मंगलवार की सुबह से ही जन्म दिन को लेकर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, इसमें रक्तदान शिविर और विकास की वाटिका, पौधारोपण का आयोजन था, वहीं बुधवार को पार्थिव शिव लिंग का निर्माण और रुद्राभिषेक, पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसके बाद वह शहर के बस स्टैंड स्थित कार्यालय में पहुंचे जहां पर क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत कर अभिनंदन किया।

**सीएमओ सहित नपा अमले ने दी बधाई :** बुधवार को नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह सहित नगर पालिका अमले ने नपाध्यक्ष श्री राठौर को बधाई दी अपने संबोधन में उपस्थित कर्मचारियों को अपने परिवार का ही अंग बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी कर्मचारी मेरे अपने हैं। मैं अपने कार्यकाल में कर्मचारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों से अभीभूत हूं तथा आश्वस्त करता हूं कि कर्मचारियों की जो भी समस्याएं होगी। उनका निराकरण व कर्मचारियों के हितों का भुगतान समय पर किया जाएगा।

## संगठन के प्रदेशाध्यक्ष को गाली देने पर बैंक मित्रों में आक्रोश



**सीहोर।** एनआईसीटी कंपनी के जिला प्रबंधक द्वारा मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन के प्रदेशाध्यक्ष और महामंत्री को फोन पर गाली देने का मामला सामने आया है।घटना 22 जुलाई को मंदसौर में हुई। प्रबंधक ने मोबाइल पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। संगठन के सदस्य आरिफ अंसारी ने बताया कि कॉल की रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट मौजूद हैं। प्रबंधक ग्राम बादरी, ग्राम पंचायत रीछा, तहसील मल्हारगढ़ का रहने वाला है। उस पर पहले भी मंदसौर जिले के बैंक मित्रों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। आरोप है कि वह बैंक मित्रों को धमकाता है। कई से रिश्वत मांगता है। जो रिश्वत नहीं देते, उनकी बैंक कियोस्क की आईडी बंद कर देता है। इन्हीं गतिविधियों के चलते उसने संगठन के प्रदेशाध्यक्ष और महामंत्री को भी धमकाया। इसको लेकर संगठन ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपा।

# जिले को मिले दो नए शव वाहनःसरकारी अस्पतालों में मौत के बाद मिलेगी 24 घंटे निशुल्क परिवहन सेवा

**सीहोर।** जिले को दो शववाहन मिले हैं, जिनमें से एक वाहन जिला अस्पताल में मुफ्त सेवा के लिए रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने यह सेवा सरकारी अस्पतालों में मृत्यु के बाद शव को घर या श्मशान तक पहुंचाने के लिए शुरू की है।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि इस सेवा का मकसद है कि सरकारी अस्पतालों में इलाज के दौरान मरीज की मृत्यु होने पर शव को सम्मान के साथ परिवार तक पहुंचाया जाए। यह सेवा जिले की सीमा में मुफ्त रहेगी। अगर शववाहन उपलब्ध न हो तो कलेक्टर दूसरी गाड़ी की व्यवस्था कर सकेंगे। सभी शववाहन जिला अस्पताल में रहेंगे और मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में काम करेंगे। सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मृत्यु होने पर भी यह सेवा मिलेगी। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल से संपर्क करेंगे। शव ले जाने से पहले वाहन चालक को अस्पताल से मृत्यु प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। यह सेवा सातों दिन चौबीस घंटे चलेगी और हर समय एक चालक मौजूद रहेगा।



# गणेश मंदिर में हथियार लेकर पुजारी को जान से मारने की धमकी को लेकर लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में बारिश की तेज बौछारों के मध्य शहरवासियों के अलावा सकल हिन्दू समाज और सामाजिक संगठनों ने लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र प्राचीन गणेश मदिर में हथियान के दम पर पुजारी को जान से मारने की धमकी के अलावा गाली-गालौज करने वाले आरोपी महेश यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 119, 300, 302 का इजाफा करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर इन धाराओं का इजाफा नहीं किया तो प्रदेश के हर जिले में इस मामले को लेकर सकल हिन्दू समाज आंदोलन करेंगा, इस आंदोलन में प्रदेश ही नहीं देश के पुजारी संघ, संत समाज, करणी सेना, विश्व हिन्दू परिषद और सभी धार्मिक और सामाजिक संगठन शामिल रहेंगे। इसको लेकर एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन का वाचन डॉ. गगन नामदेव ने किया और यहां पर आए सभी संगठनों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया।

ज्ञापन का वाचन करते हुए यहां पर उपस्थित शहरवासियों ने बताया कि शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में शनिवार दोपहर में दिनदहाड़े हथियार के दम पर पुजारी के बेटे, सेवक से गाली-गलौज कर जान से खत्म करने की धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है।

आरोपी को सख्त सजा देने की मांग जोरशोर से उठ रही है। इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लिए सकल हिन्दू समाज के साथ बैठक कर न्याय की मांग की। पीड़ित परिवार से नगर पुरोहित चिंतामण गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी पृथ्वी बल्लभ दुबे के पक्ष में सनातन धर्म के सभी समाज एकजुट है और उनका कहना कि आरोपी महेश यादव के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस ने महज जमानती धाराओं में केस दर्ज किया है, जबकि आरोपी मंदिर प्रांगण में जान से मारने के इरादे से आया था और वीडियो में उसने जो घटना की वह साफ दिख रहा है। ये हमला हम पर नहीं सकल सनातन पर हुआ है। आज देश मे पुजारी जो धर्म के लिए सदैव तत्पर रहता है वो सुरक्षित नहीं है तो कौन सुरक्षित रहेगा। शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर क्षेत्र ही नहीं देश में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है, इसको आरोपी महेश यादव के खिलाफ जनाक्रोश व्याप्त है। आरोपी का वीडिया पूरे विश्व में सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में प्रमुखता से दिखाई दे रहा है, क्षेत्र में इस तरह की घटना हो गई है आरोपी पर साधारण कार्रवाई हुई है।

इसको लेकर शहर के अनेक स्थानों पर बैठक का आयोजन किया गया। इधर शहर के खजांची लाइन स्थित सर्व ब्राह्मण समाज की धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें तय किया गया है कि सभी शहर के सामाजिक संगठन और समाज के लोग ज्ञापन देंगे।



### चार दिन का प्रशिक्षण पूरा, 57 लोगों को मिले प्रमाण-पत्र

# गांवों में कचरे से रोजगार के नए रास्ते खोलेगी ब्रिकेटिंग तकनीक : डॉ. राजकुमार मालवीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मोगराफूल गांवों में ब्रिकेटिंग तकनीक से न केवल सफाई बढ़ेगी, बल्कि इससे रोजगार और खुद का काम शुरू करने के मौके भी मिलेंगे। यह बात डॉ. राजकुमार मालवीय, प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ कार्यालय प्रभारी ने मोगराफूल गांव में हुए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर कही। इस प्रशिक्षण का मकसद था। ग्रामीण घरों में कचरे से ब्रिकेट बनाना सिखाना और इसे स्टार्टअप के रूप में बढ़ावा देना। इस कार्यक्रम का आयोजन माँ हिंगलाज सेवा समिति ने किया। इसे मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद् ने प्रायोजित किया। कर्मयोगी संस्था ने स्थानीय स्तर पर सहयोग किया।

प्रशिक्षण में ग्रामीणों को घरेलू और खेतों के कचरे से ईंधन ब्रिकेट बनाने की विधि सिखाई गई। इसमें ब्रिकेटिंग मशीन चलाने और उसकी देखभाल की भी जानकारी दी गई। विषय विशेषज्ञ डॉ. आकाश पटेल ने बताया कि यह तकनीक कम खर्च में गांवों में आय का अच्छा साधन बन सकती है। प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी 57 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम सामुदायिक भवन मोगराफूल में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, स्वयंसेवी और नए उद्यम शुरू करने की सोच रखने वाले लोग शामिल हुए। डॉ. मालवीय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत और आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने में यह तरह के प्रशिक्षण बहुत मददगार हैं। ग्राम पंचायत मोगराफूल के सरपंच जसवंत सिंह ने मां हिंगलाज सेवा समिति और मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् का धन्यवाद देते हुए कहा, इस तरह के प्रशिक्षण से गांवों में तकनीकी जागरूकता बढ़ रही है और लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं और पंचायत हमेशा सहयोग के लिए तैयार रहेगी। यह कार्यक्रम गांवों में नए विचारों और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ। कार्यक्रम का संचालन संजू जसवंत सिंह ने किया।



### आरोपी शिक्षक से स्कूल की छात्राओं व अविभावको में भय का माहौल, सख्त सजा की मांग

# निर्दोष जीव के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले शिक्षक पर बोले मंत्री टेटवालः यह सहन नहीं होगा



## गोमाता से दुराचार मामले शिक्षक गिरफ्तार, आयुक्त को भेजा निलम्बित करने का प्रस्ताव मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू

*सारंगपुर बीते रविवार को शासकीय कन्या शाला के शिक्षक रशीद मोहम्मद को पुलिस द्वारा गौ माता के साथ दुराचार के मामले गिरफ्तार किया गया इस मामले ने पूरे जिले में सनसनी फैला दी थी। आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला तब कही हिंदू संगठनों का आक्रोश शांत हुआ था। अब इस घटना पर शिक्षा विभाग ने भी त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए आयुक्त को प्रस्ताव भेजा है,*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद शहर में सनसनी फैल गई और पुलिस प्रशासन सहित हिंदू संगठन आरोपी को ढूंढने में लग गए उधर देर शाम राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने वीडियो जारी कर सख्त संदेश दिया कि निर्दोष जीव पर किसी भी प्रकार का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी सनातन संस्कृति पर प्रहार करने वाला बक्सा नहीं जाएगा,इसी घटना को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने वक्तव्य देते हुए कहा कि ऐसे कुकृत्य करने वाले अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए,वहीं बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों ने अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की प्रशासन से मांग की है फिलहाल आरोपी पुलिस के कब्जे में है मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### विद्यालय में विरोध और छात्राओं में डर का माहौल

घटना की जानकारी फैलने के बाद शासकीय कन्या शाला की छात्राओं और अभिभावकों में आरोपी शिक्षक से भारी नाराजगी है। सुबह कुछ अभिभावकों ने स्कूल गेट पर एकत्र होकर आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की। कुछ छात्राएं डरी-सहमी नजर आईं।

### हिंदू संगठनों ने की फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग

बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित अन्य संगठनों ने इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई और आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इस मामले में ढिलाई बरतती है तो बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

### अभिभाषक संघ ने पैरवी नहीं करने का लिया निर्णय

*गौवंश के साथ हुए दुराचार के दुराचारी के लिए न्यायालय में सारंगपुर अभिभाषक की और से पैरवी नहीं करने का सामूहिक निर्णय लिया हैं इसकी जानकारी अभिभाषक कार्यालय में पदस्थ संजय शर्मा द्वारा दी गई हैं,*

### आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

*सारंगपुर पुलिस ने आरोपी रशीद मोहम्मद को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने आईपीसी की कई गंभीर धाराओं के साथ धार्मिक भावनाएं आहत करने, पशु क्रूरता, और सार्वजनिक अश्लीलता की धाराएं भी जोड़ी हैं।*

### जन्म के समय रोया नहीं था

## सीएमएचओ ने खुजनेर पहुंचकर नवजात की मृत्यु मामले में जांच की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

खुजनेर अस्पताल से रेफर किए गए एक नवजात की राजगढ़ जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस मामले में परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल मंगलवार को जांच करने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर पहुंची। प्रारंभिक जांच कर चुके सीबीएमओ डॉ. एस.के. मित्तल ने बताया कि बच्चा जन्म के समय रोया नहीं था और उसकी हालत ठीक नहीं लग रही थी, इसलिए उसे राजगढ़ जिला अस्पताल के एसएनसीयू में रेफर करने का निर्णय लिया गया। बच्चे को भरे हुए ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जिस समय बच्चे को रेफर किया था उस समय उसका ऑक्सीजन सिचुएरेशन 98 प्रतिशत था वहीं बच्चे के पिता सुमित नागर पिता मांगीलाल नागर ने लिखित में खुजनेर अस्पताल की स्वास्थ सेवाओं से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होने की बात कही है। साथ ही स्वास्थ संबंधी किसी भी कमी की कोई बात नहीं कही है।

### एसएनसीयू ने भी दिया अपना स्पष्टीकरण

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने जिला अस्पताल स्थित एसएनसीयू प्रभारी डॉ. माथुर को केस शीट की जानकारी के साथ तलब किया। डॉ. माथुर ने बताया कि जैसे ही बच्चा अस्पताल में आया उसकी हार्ट रेट कम आ रहीं थी ऐसे में तत्काल उसे इनट्यूबेट करके वेंटिलेटर पर लिया गया जिससे उसकी हार्ट रेट में थोड़ा सुधार होने लगा था। बच्चे को बचाने के लिए चिकित्सकीय प्रयास किए गए पर वह नहीं बच पाया।

### अंतिम संस्कार के लिए करना पड़ा इंतजार

# ग्राम पंचायत की लापरवाही से मानवता शर्मसार

### मामले के उजागर होते ही जनपद सीईओ ने दिए शांति धाम निर्माण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत बारोल में एक ऐसी घटना सामने आई जिसने न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए, बल्कि मानवता को भी शर्मसार कर दिया। ग्राम बारोल में एक आदिवासी परिवार में मृत्यु होने के पश्चात शांति धाम (शमशान घाट) के अभाव के कारण परिजनों को पूरे दिन अंतिम संस्कार के लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी। जानकारी के अनुसार, गांव में बारिश लगातार जारी थी और चूंकि गांव में कोई पक्का श्मशान स्थल नहीं था, इसलिए अंतिम संस्कार के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं हो सका। जैसे-तैसे बारिश थमी, तब जाकर परिजनों ने कीचड़ व जलभराव के बीच अपने स्वजन की अंतिम विदाई दी।



यह मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद स्थानीय संवाददाता द्वारा जनपद पंचायत सीईओ से संपर्क किया गया। जब इस गंभीर लापरवाही की जानकारी सीईओ को दी गई, तो उन्होंने तत्काल संबंधित ग्राम पंचायत से स्थिति की जानकारी ली। जांच में पाया गया कि गांव में पूर्व में बना शमशान घाट जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और वर्तमान में उपयोग योग्य नहीं है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जनपद पंचायत सीईओ ने तुरंत ग्राम पंचायत से नया आवेदन मंगवाया और आदेश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर शांति धाम का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इसके साथ ही जनपद स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए गए हैं कि जहां कहीं भी शमशान घाट नहीं हैं, वे तत्काल आवेदन प्रस्तुत कर निर्माण कार्य सुनिश्चित करें। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति हुई तो संबंधित ग्राम पंचायतों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह घटना ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है और यह भी सोचने पर विवश करती है कि मूलभूत सुविधाओं के लिए जारी की जाने वाली सरकारी योजनाओं और फंड का वास्तविक उपयोग हो भी रहा है या नहीं।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में गुरूवार 31 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से किया गया है। आईटीआई के प्रिंसिपल ने बताया कि रोजगार मेले में बडोदरा गुजरात की कंपनी के द्वारा फीटर इलेक्ट्रिशियन, वायरमेन एवं कोपा ट्रेड से आईटीआई किए हुए एवं फायनल ईयर में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 23 वर्ष है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने पर कंपनी नेवन सिस्टम प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा चयन किया जाएगा। जिन छात्रों का चयन कंपनी द्वारा किया जाता है उन्हें पॉलिटिक्निक, इंजीनियरिंग की पढाई भी बिना किसी शुल्क के कंपनी द्वारा कराई जाएगी। रोजगार मेले में भाग लेने के लिए क्यूआर कोड एवं गूगल लिंक पंजीयन के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

# जिले के समस्त स्कूल, आंगनबाड़ियों में अवकाश किया गया घोषित


### जिले में अनवरत जारी है मूसलाधार बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बीते पांच दिनों से मूसलाधार बारिश का दौर लगातार जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को भी जिले में यही स्थिति बनी रहेगी। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 30 जुलाई के लिए भी नर्सरी से कक्षा 12वीं तक जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में अवकाश घोषित किया। जारी आदेश के तहत शिक्षकों को निर्धारित समय पर शालाओं में उपस्थित रहना होगा। उधर, महिला बाल विकास विभाग ने भी जिले की समस्त आंगनवाड़ियों में बुधवार के लिए अवकाश की घोषणा की है। यद्यपि, यह अवकाश सिर्फ बच्चों पर लागू होगा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचकर रिकार्ड संधारण व अन्य पेंडिंग कार्य निपटाने होंगे।

### मोहनपुरा बांध के 6 गेट खोले गए

उधर, लगातार बारिश के चलते मोहनपुरा बांध का जल स्तर बढने पर बांध प्रबंधन द्वारा मंगलवार शाम डैम के 6 गेट खोल दिए गए। सोमवार को भी 6 गेट खोले गए थे जिनमें से 2 को मंगलवार सुबह बंद कर दिया गया था लेकिन शाम होते-होते पुनः 2 गेट और खोल दिए गए।



कार्यालय कलेक्टर जिला राजगढ़ म.प्र.

क्रमांक/शिक्षा/सामा-1/2025/3038 राजगढ़ दिनांक 29/07/2025

आदेश

जिला राजगढ़ अन्तर्गत अत्यधिक वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से जिले की कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक समस्त शासकीय एवं अशासकीय (CBSE/ICSE) सहित समस्त प्रकार की शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए दिनांक 30.07.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है। शिक्षक यथावत शाला में उपस्थित रहेंगे।

उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

क्रमांक/सामा-1/2025/3039 राजगढ़ दिनांक 29/07/2025

प्रतिलिपि:-
1. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय म0प्र0 भोपाल।
2. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़।
4. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग भोपाल।
5. जिला शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जिला राजगढ़।
7. जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान राजगढ़।
8. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला राजगढ़।
9. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़।
10. समस्त विकासखण्ड स्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र राजगढ़।
11. समस्त संकुल प्राचार्य शा0उ0मा0वि0 ............ जिला राजगढ़ की ओर भेजकर लेख है कि अपने अधीनस्थ आने वाले विद्यालयों में निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
12. समस्त संस्था प्राचार्य/प्र0अ0 शा0उ0मा0वि0 शासकीय एवं अशासकीय/CBSE ICSE जिला राजगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला राजगढ़ म0प्र0

## मंदिर पर इस्लामिक गीत बजाने का मामलाः जेल पहरी निलंबित




**सारंगपुर।** उप-जेल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन का मामला सामने आने के बाद जेल प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। जानकारी के अनुसार, 25 जुलाई को उप जेल सारंगपुर के हनुमान मंदिर में ड्यूटी पर तैनात जेल पहरी सुरेन्द्र सोंधिया द्वारा मंदिर परिसर में इस्लामिक गीत बजाए गए, जिससे सनातन धर्म अनुयायियों की भावनाएं आहत हुईं। मंदिर में प्रतिदिन आरती और भजन-कीर्तन की परंपरा रही है, जहां जेल परिसर के कर्मचारी श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन 25 जुलाई को जब मंदिर में असामान्य ध्वनि सुनाई दी, तो वहां उपस्थित एक सनातनी पंडित ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया और इसे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सौंपा। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वीडियो की पुष्टि कर इसे गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रक्ड) रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा और दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। मामले की जांच उपरांत जेल अधीक्षक द्वारा दोषी जेल पहरी सुरेन्द्र सोंधिया को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उप जेल सारंगपुर के जेलर विकास जैन ने निलंबन की पुष्टि की है।

### आरोप-सिर्फ 50 फीसदी उपभोक्ताओं को मिला तीन माह इकट्ठा राशन

## राशन वितरण में घोटाले का आरोप, जिपं अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर शासन द्वारा उपभोक्ताओं को 3 माह के इकट्ठे राशन देने के मामले में गड़बड़ी और घोटाले के आरोप लगाए हैं। कलेक्टर के नाम सौंपे गए शिकायती पत्र में सौंधिया ने उल्लेख किया कि शासन ने पात्र उपभोक्ताओं को जून, जुलाई एवं अगस्त इन तीन महीनों का इकट्ठा राशन देने के निर्देश थे।

लेकिन, ब्यावरा क्षेत्र सहित जिले भर की राशन दुकानों में सिर्फ 40 से 50 प्रतिशत उपभोक्ताओं को ही तीन माह का राशन प्रदाय किया गया है। बाकी का राशन सेल्समेनों द्वारा अधिकारियों के साथ मिलीभगत एवं



कालाबाजारी करते हुए बेच दिया गया है। श्री सौंधिया ने आरोप लगाया कि शासकीय स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में भी इसी प्रकार से सामग्री को भोजन के रूप में वितरित न करते हुए उसे बेचा गया है। जिपं अध्यक्ष ने ब्यावरा सहित पूरे जिले की राशन घोटाले की जांच करवाने की मांग कलेक्टर से की है। इसके साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए संबंधित दुकानदारों का पंजीयन निरस्त करने की मांग उन्होंने रखी।

### तीन गांवों के ग्रामीणों ने भी की शिकायत

इसी कड़ी में खुजनेर तहसील के मुरारिया, सिरोजी, खानपुरा गांव के ग्रामीणों ने भी कलेक्टेट पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि सेल्समेन द्वारा उन्हें तीन महीनों का इकट्ठा राशन प्रदाय नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व के सेल्समेन द्वारा वर्तमान सेल्समेन दीपक को 50 से अधिक सदस्यों का राशन हैंडओवर किया गया था। राशन का वितरण नहीं किया गया।

### समारोह का आयोजन

## संस्कार एकेडमी में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

करगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में पचोर नगर के आवासीय विद्यालय संस्कार एकेडमी में एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक, प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय के डायरेक्टर दिनेश गोयल ने करगिल युद्ध की पृष्ठभूमि एवं भारतीय सेना के अद्वितीय साहस पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष दीपक गोयल ने हे प्रीत जहां की रीत सदा गीत के द्वारा देशभक्ति का माहौल निर्मित किया तथा डायरेक्टर विवेक शर्मा ने राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविता पाठ द्वारा शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारत के गौरवशाली अतीत को याद करते हुए इस पावन भूमि को सपूतों की जननी कहा।विद्यालय के कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद एवं संगीत शिक्षक सौरभ शर्मा ने "संदेशे आते हैं" गीत द्वारा देश प्रेम की भावना को जागृत किया तथा विद्यालय के बैंड मास्टर रोशन शाह ने ट्रंपेपेट पर साथ दिया। विद्यालय की कक्षा पहली की नन्ही बालिका प्रत्यूष नागर ने ष्ऐ देश मेरेष गीत द्वारा तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थी विहान गोयल ने ष्नन्हा मुन्ना राही हूंष गीत द्वारा भावनाओं के पुष्प अर्पित किए। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में यश शर्मा, अभय शर्मा, रुद्राक्ष पांडे, गिरिराज, आरुष चैहान, अलमलिक, बृजमोहन, लक्षित गुप्ता, मोहित तथा अन्य गायक कलाकारों में संस्कृति विरमाल व खुशी गुप्ता ने "ऐ मेरे वतन के लोगों", "तेरी मिट्टी में मिल जावा" ष्मेरा रंग दे बसंती चोलाष जैसे गीतों ने माहौल को देशभक्ति की भावना से भर दिया। श्रद्धांजलि के रूप में सभी ने सामूहिक रूप से मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा शहीदों के बलिदान को याद करना था। उपस्थित जनों के हृदय को गहराई से छू लिया।

## अभा सोंधिया राजपूत समाज संगठन का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**जीरापुर।** अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज संगठन का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोंधिया राजपूत धर्मशाला में आयोजित हुआ। जहां पर प्रभु श्रीराम की पुजन कर शुरुआत की गई। यह प्रशिक्षण वर्ग लग-अलग 7 सत्र में संपन्न हुआ। जहां पर उद्धघाटन समाज के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य, मंत्री नारायण सिंह पवांर सेमलियापार ने किया, जिसमें उन्होंने संगठन के मूल मंत्र के बारे में बताया, तथा बलवंत सिंह बोडाना , प्रेम सिंह सोलंकी , नारायण सिंह चैहान , विक्रम सिंह चैहान , कालुसिंह पवांर , रूगनाथ सिंह, चैन सिंह आर्य ने संगठन के करणीय और अकर्णीय कार्य , बैठको के स्वरूप के बारे में जानकारी दी , जिसमे उन्होंने कार्यकर्ताओं के गुण और व्यक्तित्व विकास , दायित्व बोध एवं प्रवास पर बताया , सामाजिक सुधार में व्यक्ति, परिवार एंव ग्राम की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन विष्णु सिंह पंवार ने किया। अतिथि मार्गदर्शक मंडल हरिसिंह चैहान, राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिसोदिया, पूर्व



विधायक द्वय पूरसिंह पवांर, हेमराज कल्पोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधिया,ईश्वर सिंह तोमर ,कमल सिंह पवांर, प्यारेलाल चौहान, कुमेरसिंह पवांर, कृष्णपाल पवांर, चंदर सिंह पवांर, नारायण सिंह सालरीयाखेड़ी, ईश्वर सिंह तोमर , ईश्वर सिंह परमार, रामबाबू चेनपुरिया गंगाराम परमार कुमेरसिंह परिहार, करतार सिंह जुझार सिंह ,सहित पूरे जिले के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओ ने प्रशिक्षण शिविर में अपनी सहभागिता की। अन्त में आभार अर्जुन सिंह पवांर ने प्रकट किया।

## डग बालाजी मंदिर पर सुंदरकांड पाठ व प्रतिभाशाली विद्यार्थी का सम्मान

**जीरापुर।** फलोदी कॉलोनी के मेडतवाल समाज जनों ने नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर पर सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन किया। फलोदी कॉलोनी के समाज बंधुओं ने मंदिर परिसर में श्री रामभक्त डग बालाजी समिति के माध्यम से सुंदरकांड पाठ किया।

जहां पर कालोनी के मेडतवाल समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।'इनका किया सम्मान' जिसमें कक्षा पांचवीं आठवीं दसवीं बारहवीं में 80ः से ऊपर के विधार्थियों को सम्मानित किया।जिनमे हिमांशी गुप्ता पिता सतीश गुप्ता शिक्षक, आंखी गुप्ता - मुकेश गुप्ता भानेज, धैर्य बैरिस्टर - अजय बैरिस्टर, कक्षा



आठवीं-अविरल एवं अविचल - अनिल जुलानिया,कक्षा दसवीं में सानवी- मुकेश गुप्ता, पूंर्वांश - आशीष गुप्ताकक्षा 12वीं में पार्थ - महेश जमींदार , इसी के साथ-साथ विभिन्न विधाओं में अव्वल अमीषा सीए क्लीयर, वैदिक- रामबाबू गुप्ता गरडा आईआईटी क्लियर , खुशी - रामगोपाल गुप्ता सिलेक्शन इन विट, शिवानी - रामबाबू गुप्ता नेट एग्जाम क्लियर ,अक्षय - ओम जुलानिया को दुपट्टा पहनाकर उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।समाज के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष ठाकुर मोहनसिंह जमींदार एवं अध्यक्ष रामेश्वर टांक सहित सुंदरकांड समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया।

**खबर संक्षेप**

### इंटर स्कूल चेस टूर्नामेंट में जीते सभी राउंड



**सीहोर।** सेंटमेरी स्कूल में हुई इंटर स्कूल चेस टूर्नामेंट 2025 में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र समर्थ सक्सेना ने सभी 7 राउण्ड जीतते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होने 5000 पुरुस्कार राशी व ट्राफी अपने नाम की। इसस पूर्व भी केन्द्रीय विद्यालय के छात्र समर्थ सक्सेना ने सागर में अयोजित एम.पी.स्टेट यू-19 सिलेक्शन फाईड रेटिंग टूर्नामेंट में भी ट्राफी के साथ 8 वा स्थान प्राप्त किया। समर्थ की इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या पूजा श्रीवास्तव ने सभी शिक्षक, अभिभावक व खेल प्रभारी को बधाई दी और सभी समर्थ के उज्वल भविष्य की कामना की।

### कलश यात्रा निकालकर दिया पर्यावरण का संदेश

**आष्टा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेहतवाड़ा द्वारा जावर सेक्टर के आदर्श ग्राम टिगरिया में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सीहोर भगवत शरण लोधी विकासखंड समन्वयक म. प्र. जन अभियान परिषद आष्टा, सरपंच, सतीश विश्वकर्मा समाजसेवी विजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत अरोलिया के सरपंच प्रतिनिधि व सचिव ने किया लाखों का घोटाला

# उप सरपंच का आरोप, विकास कार्यों के नाम पर निकाली राशि, नहीं किया काम

गांव में विकास कार्यों के नाम पर झूठे बिल लगाकर निकाल ली राशि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर तहसील के समीपस्त ग्राम पंचायत अरोलिया के उपसरपंच द्वारा बाताया कि ग्राम पंचायत में लाखों निर्माण कार्यों का घोटाला हुआ है। उपसरपंच द्वारा उच्चाधिकारियों को आवेदन देकर निस्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही करें। कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आष्टा के ग्राम पंचायत अरोलिया के सरपंच व सचिव द्वारा एक साल पहलने राशि आहरण कर मोके पर कार्य नहीं किया। वर्तमान उपसरपंच ग्राम पंचायत अरोलिया अजाबसिंह पिता करणसिंह सैंधव ने जपं में सभी प्रशासन के अधिकारियों को आवेदन देकर वर्तमान सरपंच सुलोचना बाई तथा सचिव मानसिंह ठाकुर द्वारा निम्न कार्यो की राशि आहरण कर कार्य नहीं करने का आरोप लगाया है।

उप सरपंच का आरोप है कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना ग्रेवल रोड़ टीएसनं 1425 दिनांक 29 जनवरी 2024 को उक्त निर्माण कार्य की राशि लाख छः हजार 14 सितंबर 2024 को राशि निकाल ली गई। किन्तु मोके पर एक तगाड़ी मुरम नहीं डाली गई है। उक्त कार्य में फर्जी बील लगाए हैं। मुख्यमंत्री अधोसंरचना सीसीरोड़ अ.जा. बस्ती अरोलिया में टी.एस. नं. 1427 दिनांक 29 जनवरी 2024 को उक्त निर्माण की राशि 8 लाख आहरण किए जा चुके हैं तथा मोके पर कोई सामग्री नहीं है। तथा किसी प्रकार के कोई निर्माण नहीं किया गया है। वही ग्राम मालीपुरा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य 02 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुआ था। जगह की समस्या के कारण नहीं बन पाया। सरपंच/सचिव व सरपंच के लड़के के



नाम से ईंट क्रय का बाउचर लगाकर एक लाख 4 हजार रू आहरण कर लिए।

उप सरपंच ने कहा कि अगर सरपंच व सचिव के सभी कार्यों की जांच की जाए तो बड़ा खुलासा होगा। सरपंच सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में भारी भ्रष्टाचार किया है। तथा सरपंच के पति से अगर किसी काम का बोला जाता है तो सरपंच के पति रोब दिखाता है। तथा कहता है कि किसी ने कुछ गड़बड़ी की तो तीन साल जैल भेल दुंगा। वर्तमान के उपसरपंच अजाबसिंह ने सभी अधिकारियों को प्रहलाद पटेल पंचायत और ग्राम वि. मंत्री म.प्र. शासन भोपाल, कलेक्टर सीहोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीहोर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आष्टा के कार्यालयों में प्रतिलिपि देकर इनकी जांच कर कार्यवाही की जाने की मांगी की है। उनका कहना है कि शासन की




योजनाओं की राशि को गांव के विकास में न लगाते हुए दुरूपयोग किया जा रहा है। मामले में सरपंच सुलोचना उदय सिंह चौहान का कहना है कि विकास कार्य के लिए जो भी राशि मिली है, उससे विकास कार्य किए गए है, उप सरपंच झूठी शिकायत कर रहे है।

# भक्ति में सराबोर कांवड़िए कर रहे जल से अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रा की बात ही कुछ अलग होती है। भोलेनाथ का प्रिय महीना होने के कारण पूरे महीने शहर के सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम के कांवरिया पथ पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में कांवरिए अपनी कांवड़ लेकर बाबाधाम पहुंचते हैं। सभी कांवरिए अपनी-अपनी पसंद के अनुसार कांवड़ लाते हैं। इनमें कई ऐसे कांवरिए भी होते हैं जिनकी आकर्षक कांवड़ सबका ध्यान खींच लेती है। कई कांवड यात्री भगवान शिव के स्वरूप में तो कोई पानी से बचने के उपाय करने के लिए बरसाती ओढ़कर अपने लक्ष्य की ओर आस्था और विश्वास के साथ चल रहा है। बारिश की बौछारों के बीच भी शिवभक्तों का उत्साह कांवड़ यात्रा में कम नहीं हुआ है, जिसमें हजारों भक्त जल लेकर अपने आराध्य शिव को अर्पित करने के लिए 11 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं, जिससे आस्था का एक अनूठा और अद्भुत रंग देखने को मिलता है। यह यात्रा सावन के पूरे महीने में होती है और इसमें कांवड़ियों को कई नियमों का पालन करना पड़ता है। कई कांवड यात्री तो जब तक जल से बाबा का अभिषेक नहीं करते तब तक पेयजल और आहार ग्रहण नहीं करते है और बिना विश्राम के ही अपने लक्ष्य की ओर चलते जाते है।



# 100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रही आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी: गोपाल सिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने 100 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित हो रही,नया रूप और आकार ले रही आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी में लगभग 5 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के पूर्व विधायक ने एक करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाले इनफॉरमेशन एंड हेल्थ सेंटर कृषक विश्रामगृह भवन निर्माण, 56 लाख 34 हजार की लागत से नाली निर्माण कार्य,01 करोड़ 69 लाख 83 हजार की लागत से सीसी कार्य,01 करोड़ 30 लाख की लागत से होने वाले वाह्य बिधुत कार्य कुल 05 करोड़ से अधिक एक की लागत से होने वाले विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 500 करोड रुपए के विकास कार्य चल रहे है। विकास कार्यों में आष्टा नगर में 65 करोड रुपए की लागत से




सांदीपनी स्कूल बनकर तैयार है, वही जावर में 35 करोड़ की लागत से सांदीपनी स्कूल बनकर तैयार हुआ है। तथा जल्द ही दो और सांदीपनी स्कूल 35/ 35 करोड़ के कोठरी एवं भंवरा का भी भूमि पूजन होने वाला है। इसी तरह लगभग 80 करोड रुपए की लागत से दो बड़े मार्ग आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों को जोड़ने वाले स्वीकृत हुए हैं।

इसी तरह करोड़ों रुपए के विकास कार्य के प्रस्ताव प्रस्तावित शासन के पास किए गए हैं। हमने 200 सड़के विभिन्न ग्रामों के प्रस्ताव भी शासन को भेजे गए हैं, जल्द ही इन प्रस्ताव की भी स्वीकृत होने के बाद सीहोर जिले के आष्टा विधानसभा में ऐसा कोई ग्राम नहीं होगा जो सड़क जुड़ा नही हो। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि पुरानी वर्तमान आष्टा कृषि उपज मंडी को जल्दी से जल्दी नवीन कृषि उपज मंडी में स्थानांतरित करने के प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में पुरानी मंडी में जगह कम होने के कारण काफी परेशानियों का सामना हमारे व्यापारियों एवं आने वाले किसान भाइयों को करना पड़ता है। सीजन में कई कई किलोमीटर लंबी लाइन ट्रैक्टर ट्राली की लग जाती है, जिससे व्यापारियों को दिक्कत होती है। वही किसान भी हमारा परेशान होता है। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए हमारे व्यापारी और किसान भाइयों के सुझावों एवं मांग पर नवीन कृषि उपज मंडी जो लगभग 100 एकड़ के क्षेत्र में आज अपना मूर्त रूप लेती जा रही है ।हमारा प्रयास है कि पुरानी कृषि उपज मंडी 1 साल डेढ़ साल में नवीन कृषि उपज मंडी में स्थानांतरित हो जाए। इस अवसर पर आज नवीन कृषि उपज मंडी में हुए भूमि पूजन कार्यक्रम को रायसिंह मेवाडा, सुशील संचेती, सोनू गुणवान, ऋतु आनन्द जैन, विशाल चौरसिया, विजेन्द्रसिंह ठाकुर आदि ने भी संबोधित करते हुए कहा की विकास के मामले में हमारे विधायक हम सब के साथ खडे है। आप केवल उनेह समस्याएं बताये, विकास के कार्यो से अवगत कराये ओर निश्चिंत हो जाये। विकास भी होगा, समस्याओं का निदान भी होगा। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री धनरूपमल जैन आभार मंडी सचिव मोहन सिंह मालवीया ने व्यक्त किया।

### छात्रवृत्ति योजना में नामित हुई कन्या शिक्षा परिसर सीहोर की 6 छात्राएं

**सीहोर।** सूर्या फाउंडेशन दिल्ली द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना में नामित हुई कन्या शिक्षा परिसर सीहोर की 6 छात्राएं कन्या शिक्षा परिसर (सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित) की छह छात्राएं एडवांस व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण के दौरान शिविर के नियमो एवं मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्रवृत्ति हेतु नामित हुई बालिकाओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त विद्यालय परिवार हर्षित है। छात्रवृत्ति हेतु पात्र बालिकाओं में एंजेल वड़वी, दीपिका रावत, शीतल सोलंकी, साधना वारिवा, रोशनी बरेला, शिवानी बरेला नामित हुई हैं इन समस्त बालिकाओं को सूर्या फाउंडेशन द्वारा हर माह 1200 छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान किए जाएंगे द्य सभी बालिकाओं को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य लोकेश सिंह द्वारा सम्मानित कर छात्रवृत्ति पत्रक भेंट किया गया एवं समस्त विद्यालय की ओर से उन्होंने बालिकाओं को बधाई दी।



# वरघोड़ा निकालकर नेमिनाथ भगवान को कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महामहोत्सव मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्री श्वेतांबर जैन समाज ने बरसते पानी में बैंड-बाजे के साथ वरघोड़ा निकाला।

भगवान को रजत पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। प्रतिमा को गुलाब के फूलों से सजाया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ। दिगंबर जैन समाज ने भी दो दिवसीय



आयोजन किया। मंगलवार सुबह नेमि नगर स्थित श्री नेमिनाथ जिनालय से महिला मंडल ने प्रभातफेरी निकाली। बारिश के बीच प्रभातफेरी नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी। शाम को माता शिवा देवी की गोद भराई का आयोजन हुआ। पात्र के रूप में नेमि कुमार की माता शिवा देवी बनने का सौभाग्य सृष्टि आयुष जैन को मिला। माताओं और बहनों ने मंदिर में गोद भराई की रस्म निभाई। प्रभावना के लाभार्थी भारती जयचंद कटारिया रहे।

बुधवार को श्री नेमिनाथ भगवान का जन्म व तप कल्याणक महामहोत्सव मनाया जाएगा। सुबह साढ़े सात बजे मूलनायक भगवान का स्वर्ण कलशों से वार्षिकी महामस्तकाभिषेक होगा। मुनिश्री सजग सागर, मुनिश्री सानंद सागर और मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज के सानिध्य में मुनि संघ के आशीर्वचन होंगे।

# रेलवे सेफ्टी कमिश्नर ने श्यामपुर रेलवे स्टेशन की शुरूआत की, स्टेशन पर रूकेगी ट्रेन





हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

सीहोर जिले तहसील श्यामपुर के अंतर्गत जो रेलवे लाईन भोपाल से राजगढ़-नरसिंहगढ़ और रामगंज मंडी तक जो रेलवे लाइन बनाई गई है। उसी के बीच श्यामपुर रेलवे स्टेशन का शुभारंभ करने पहुंचे मनोज अरोड़ा कमिश्नर रेलवे सेफ्टी ने सर्वप्रथम पहुंचकर वृक्षारोपण कर रेलवे स्टेशन का शुभारंभ किया। इसी के साथ ही पूरे रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उनके साथ रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। आगे उन्होंने कहा कि श्यामपुर रेलवे स्टेशन पर रेल चलाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस मौके पर श्यामपुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर एवं महामंत्री सतीश मेवाड़ा मीडिया प्रभारी राजकुमार मेवाड़ा राम सिंह ठाकुर एवं आसपास के ग्रामीण जन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### गांव की सुख शांति के लिए हो रही खड़ी सत्ता

सिद्धिगंज। आष्टा ब्लॉक के बापचा बरामद के राधा कृष्ण मंदिर में महिला मंडल ने ग्राम की सुख शांति के लिए खड़ी सत्ता जी और भजन का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने रात भर भोलेनाथ, राधा-कृष्णा के भजन झांज, मंजीरा, ढोलक की थाप पर गाए। इस दौरान मंदिर के पुजारी किशन लाल मालवीय, सरिता बाई, सुनीता बाई, गंगाबाई, ममता बाई, सुमित्रा बाई, नगीना बाई सहित बड़ी संख्या में गांव की अन्य महिलाएं शामिल हुईं।



## चौरसिया समाज ने गीतांजलि गार्डन में भव्य रूप से मनाया नाग पंचमी महोत्सव

# आराध्य देव नाग देवता और नाना देवी का विधिवत किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

चौरसिया समाज का गीतांजलि गार्डन में भव्य रूप से नाग पंचमी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम समाज के आराध्य देव नाग देवता और नाना देवी का पूजन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ भोजन प्रसादी कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के उपरांत वर्तमान अध्यक्ष राजारामजी चौरसिया व समाज के पंचों द्वारा सर्वसम्मति से विनोद चौरसिया ग्राम मुगली को चौरसिया समाज समाज आष्टा का अध्यक्ष और ग्राम खडीहाट से पधारे दिनेश चौरसिया को समाज का उपाध्यक्ष, रजत चौरसिया को युवा अध्यक्ष, संजय ओमप्रकाश चौरसिया को युवा उपाध्यक्ष चुना गया। तत्पश्चात समस्त समाज जनों द्वारा हार फूल व साफा पहनाकर और प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। पश्चात कार्यक्रम




में समाज की वरिष्ठ जनों युवा साथी एवं समस्त मातृ शक्तियों ने कार्यक्रम मैं उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया जिसमें ग्राम खडीहाट, मुगली, मैना, निपानिया आदि जगहों से समाज के कार्यक्रम पधारे सभी सामाजिक बन्धुओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ लक्ष्मी नारायण, जुगल किशोर, रमेशचंद्र, पूर्व अध्यक्ष राजारामजी, मिश्रीलाल खड़ी, जगदीश, विजय, बाबूलाल, ओमप्रकाश, महेश खड़ी, मोहन खडीहाट, मनोज, हेमंत, दिनेश, रघुनंदन, राजकुमार, दीपक मैना, उपेन्द्र, दशरथ चौरसिया, अरविंद, योगेंद्र मुगली, सतीश, बद्री, धर्मेंद्र भैया, सोनू अनिल विजय कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र चौरसिया, मोंटी चौरसिया द्वारा किया गया। मातृ मातृशक्ति और महिला मण्डल द्वारा आगामी सोमवार को पपनास नदी के तट से गायत्री शक्तिपीठ महादेव मंदिर में कावड़ लेकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया जाएगा।

# विधानसभा की याचिका और अभ्यावेदन समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र विधानसभा की याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की आज विधानसभा भवन में कक्ष क्र 7 में बैठक सम्पन्न हुई। समिति के सदस्य के रूप में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उक्त बैठक में शामिल हुए। विधानसभा भवन में याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की बैठक में प्राप्त याचिकाओं पर सुनवाई की गई एवं सम्बंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये।